# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3654
दिनांक : 16.9.2019

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— स्ववित्त पोषित संस्थानों मे बी0एड0 विभाग में कार्यरत् शिक्षकों को बी0एड0 पाठ्यक्रम में होने वाली प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं में परीक्षक बनाये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय/महोदया,

परीक्षा समिति द्वारा इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम में होने वाली प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों के साथ-साथ स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत संचालित संस्थान/महाविद्यालयों के शिक्षकों को जो पूर्व दस वर्षो से विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त कर संस्थानों/महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे है को बी0एड0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में परीक्षक बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में आपको सूचित किया जाता है कि पूर्व दस वर्षो से संस्थानो/महाविद्यालयों मे अध्यापन कार्य कर रहे विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों, विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्य की सूचना संस्थान द्वारा प्रमाणित कर सप्रमाण विश्वविद्यालय को दो कार्य दिवसों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे बी0एड0 पाठ्यक्रम में कार्यरत् विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों की वरीयता का निर्धारण कर उनको बी0एड0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में परीक्षक नियुक्त किया जा सकें।

भवदीय,

16.9.19
कुलसचिव

1. व्यैक्तिक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. व्यैक्तिक प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव

AF (829)